**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 766**

**दिनांक 07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**जीएनएम और एएनएम विद्यालयों की बढ़ती संख्या**

**766. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश भर में सामान्य परिचर्या और प्रसूति विद्या (जीएनएम) और सहायक परिचर्या और प्रसूति विद्या(एएनएम) विद्यालयों की संख्या बढ़ाने और उनकी क्षमता में वृद्धि करने पर विशेष ध्यान दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में मौजूदा परिचर्या विद्यालयों और महाविद्यालयों के उन्नयन के लिए क्या वित्तीय प्रावधान किए गए हैं; और

(घ) सरकार द्वारा विभिन्न विशेषज्ञताओं में योग्य संकाय सदस्यों की संख्या में वृद्धि करने और परिचर्या कर्मचारी के ज्ञान और कौशल में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मौजूदा नर्सिंग स्कूलों का नर्सिंग कॉलेजों में उन्नयन करने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना "नर्सिंग सेवाओं का विकास" संचालित करता है। इस योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक नर्सिंग स्कूल को नर्सिंग कॉलेज में अपग्रेड करने के लिए 7 करोड़ रुपये की धन-राशि जारी की जाती है। उक्त योजना के तहत बजट प्राकल्लन 2025-26 के तहत 19.76 करोड़ रुपये की धन-राशि नर्सिंग स्कूलों को नर्सिंग कॉलेजों में स्तरोन्नयन के लिए आवंटन हेतु निर्धारित की गई है ।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय देश में 157 (सीओएन) नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए मेडिकल कॉलेजों के सह-स्थान पर 157 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना नामक केन्द्रीय प्रायोजित योजना ' नर्सिंग शिक्षा का संवर्धन' भी चलाता है।

सतत नर्सिंग शिक्षा (सीएनई) विनियम, 2019 के अनुसार, प्रत्येक पांच वर्षों में सभी श्रेणियों की नर्सों के लिए पंजीकरण/लाइसेंस का नवीनीकरण सीएनई के 150 घंटे से जुड़ा हुआ है । केन्द्रीय क्षेत्र योजना "नर्सिंग सेवाओं का विकास" के घटक 'नर्सों का प्रशिक्षण' के तहत 7 दिनों के प्रति पाठ्यक्रम में 30 नर्सों के एक बैच को प्रशिक्षण दिया जाता है जो उनके सीएनई क्रेडिट में जुड़ता हैं।

*****